# खैरू बडी के पास अवैध शराब और बीयर से भरी बोलेरो जप्त, एक गिरफ्तार

**सादुलपुर,** (निसं)। हमीरवास थाना पुलिस ने हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्र तहसील के गांव खेरु बडी के पास नाकाबंदी के दौरान अवैध शराब ओर बीयर से भरी एक हरियाणा नम्बर की बोलेरो जीप को जप्त कर एक आरोपी को गिरफ्तार करने की कार्रवाई की है। हरियाणा से अवैध शराब लाकर क्षेत्र में तस्करी करने का प्रयास किया जा रहा था।

पुलिस ने कुल 47 कार्टन अवैध शराब और बीयर बरामद की है। रविवार

- हरियाणा से तस्करी कर लाई जा रही थी शराब और बियर
- हमीरवास थाना पुलिस ने की कार्रवाई



हमीरवास थाना पुलिस ने अवैध शराब भर कर ले जा रही बिना नम्बरी गाड़ी जब्त की गई। इस दौरान अवैध शराब और बीयर बरामद की।

सुबह सवा नौ बजे मिली जानकारी में थाना अधिकारी रायसिंह सुधार ने बताया कि जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशानुसार मादक पदार्थो को पकडने के लिए चलाए गए विशेष अभियान अंतर्गत पुलिस ने तहसील के हरियाणा के सीमावर्ती क्षेत्र में हरियाणा से लाई जा रही अवैध शराब और बियर बरामद करने के कार्रवाई की है।

उन्होंने बताया की नाकाबंदी के दौरान हरियाणा की ओर से आ रहे एक बोलेरो जीप चालक को जांच के लिए रुकने का संकेत दिया तो वाहन चालक पुलिस को देखकर कच्चे पक्के रास्तों से फरार होने का प्रयास किया लेकिन पुलिस ने पीछा कर वाहन को रोकने में सफलता प्राप्त की तथा चालक रविंद्र सिंह निवासी गांव पाजु हरियाणा से पूछताछ की तो वह घबरा गया और संतोष जनक जवाब नहीं दिया जिस पर पुलिस ने बोलेरो जीप की तलाशी ली तो उसमें शराब ओर बीयर भरी हुई थी।

पुलिस ने जीप से 20 कार्टून बियर की 240 बोतल,15 कार्टून माल्टा देसी शराब की180 बोतल, 12 कार्टून में हरियाणा निर्मित देसी शराब के 600 पव्वे पुलिस ने बरामद किए। पुलिस ने मौके पर ही शराब सहित बोलेरो को जप्त कर आरोपी रविन्द्र को गिरफ्तार कर लिया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## स्कूलों का समय परिवर्तित

**चूरू** (निसं)। जिला कलेक्टर अभिषेक सुराणा के निर्देशानुसार जिले में गर्मी को देखते हुए स्थानीय परिस्थितियों और लू (हीटवेव) को मद्देनजर रखते हुए जिले में संचालित समस्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालयों के समय में परिवर्तन किया है। सीडीओ संतोष महर्षि ने बताया कि जिले में संचालित समस्त राजकीय व गैर राजकीय विद्यालय में अध्ययनरत प्री प्राइमरी से 08 वीं कक्षा तक के विद्यार्थियों का दिनांक 27 अप्रैल 2026 से सत्रांत तक विद्यालय का समय प्रातः 7.30 से 12 बजे तक किया गया है। इसी के साथ कक्षा 09 से 12 तक के विद्यार्थियों व विद्यालय स्टाफ व परीक्षाओं के लिए निर्धारित समय यथावत रहेगा।

# एरिया डोमिनेशन अभियान के तहत 184 अपराधी गिरफ्तार

**चूरू** (निसं)। जिले में पुलिस ने अपराधों पर अंकुश लगाने और अपराधियों में भय पैदा करने लिए जिला पुलिस अधीक्षक ने एरिया डोमिनेशन अभियान चलाया। इस एक दिवसीय अभियान के तहत अपराधियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की गई।

रविवार को पत्रकारों को जानकारी देते हुए एसपी निश्चय प्रसाद ने बताया कि जिलेभर में एक साथ दबिश देकर 184 अपराधियों को गिरफ्तार किया गया, कार्यवाही के बाद एकबारकी हडकंप मच गया। जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन में चलाए गए इस अभियान में 63 पुलिस टीमों के 283 से अधिक पुलिसकर्मियों ने सहयोग किया। कार्यवाही में पुलिस ने 717 ठिकानों पर छापे मारकर वांछित और सक्रिय अपराधियों को पकड़कर उनके ठिकानों की गहनता से तलाशी ली गई।

**नशे और अवैध कारोबार पर भी किया प्रहार:-** अभियान के दौरान ऑपरेशन नकेल के तहत एनडीपीएस एक्ट में 4 मामले दर्ज किए गए। पुलिस ने भारी मात्रा में अवैध मादक पदार्थ और शराब जब्त की, जिनमें 1 किलो 556 ग्राम अफीम, 18 किलो 289 ग्राम गांजा, 823 ग्राम डोडा पोस्त, 545 लीटर से अधिक अवैध देशी शराब, 327 लीटर से अधिक बीयर, 3.60 लीटर अंग्रेजी शराब जब्त की गई। इसके अतिरिक्त जुआ खेलते 16315 रुपये की नकदी भी बरामद की गई।

अभियान के दौरान 32 स्थायी वारंटी गिरफ्तार किए गए। 7 हार्डकोर हिस्ट्रीशीटर पकड़े गए, 50 सक्रिय अपराधियों पर निरोधात्मक कार्रवाई की गई। विभिन्न गैंग से जुड़े 36 लोगों से पूछताछ कर डोजियर तैयार किए गए। एसपी ने बताया कि इस कार्रवाई से जिले के अपराधियों में खौफ का माहौल है। गिरफ्तार आरोपियों से पूछताछ जारी है और आगामी दिनों में और भी खुलासे होने की संभावना है।

# बच्चों की रोजगारपरक शिक्षा समाज के आर्थिक उत्थान के लिए बेहद जरूरी : कम्मा

- रतनगढ़ सैनी समाज का 'समाज रत्न सम्मान 2026' समारोह गरिमापूर्ण माहौल में सम्पन्न

**रतनगढ़** (निसं)। बच्चों को रोजगारपरक शिक्षा देना आज के समय में बेहद जरूरी है, क्योंकि यही समाज के आर्थिक उत्थान की मजबूत नींव बनती है। ये विचार पूर्व पालिकाध्यक्ष शिवभगवान कम्मा ने रविवार को स्थानीय हनुमान पार्क के पास स्थित सैनी समाज अतिथि भवन में आयोजित रतनगढ़ सैनी समाज के समाज रत्न सम्मान 2026 समारोह में व्यक्त किए। उन्होंने कहा कि शिक्षा के साथ-साथ समाज का राजनीतिक रूप से सशक्त होना भी जरूरी है, तभी समग्र विकास संभव है।

कार्यक्रम का शुभारंभ महात्मा ज्योतिबा फुले के चित्र पर माल्यार्पण कर किया गया। इस अवसर पर समाज के संरक्षक ओमप्रकाश टाक, मदनलाल कम्मा, पूर्व अध्यक्ष महेश सैनी, गौरीशंकर खडोलिया, विक्रम सिंह चौहान, जगदीश राकसिया, महावीर सिंह चौहान, महावीर गहलोत सहित कई वक्ताओं ने विचार रखते हुए कहा कि समाज में एकजुटता बनाए रखना बेहद जरूरी है और इस प्रकार के आयोजन समाज को नई दिशा देने के लिए आवश्यक हैं। समारोह में सैनी समाज, कर्मचारी अधिकारी सेवा संस्थान, नवयुवक मंडल के पूर्व अध्यक्षों, समाज के पत्रकारों, जनप्रतिनिधियों, मातृशक्ति एवं विभिन्न पदाधिकारियों सहित कुल 51 विशिष्ट व्यक्तियों को प्रतीक चिन्ह, प्रशस्ति पत्र व दुपट्टा ओढाकर सम्मानित किया गया।

यह आयोजन समाज में प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने के लिए अत्यंत जरूरी पहल के रूप में देखा गया। कार्यक्रम का संचालन परमेश्वर लाल गौड व अशोक वर्मा ने किया, सैनी समाज के अध्यक्ष हीरालाल खडोलिया ने सभी का आभार व्यक्त किया।इस अवसर पर ओमप्रकाश गौड, मोहनलाल राकसिया, नन्दकिशोर गढवाल, गिरधारी लाल राकसिया, वरिष्ठ पत्रकार नारायण प्रसाद सुईवाल, डीलर पुरुषोत्तम इंदौरिया श्रवण कम्मा, गौरीशंकर कम्मा, महावीर गौड, धनेश्वर चुनवाल, कुन्दन मल कम्मा, बजरंग लाल कम्मा, चंद्रप्रकाश सुईवाल, मोहनलाल गौड, रवि गौड, धनराज राकसिया, सुनील कम्मा, सुरेश गौड, कौशल्या गौड, पींकी गौड, बनवारी लाल तंवर, रामकुमार राकसिया, नगेंद्र राकसिया, सांवरमल गौड, चतुर्भुज राकसिया, किसनलाल टाक, भंवरलाल सोलंकी, मनोज भाटी, मदनलाल गौड, भरत सुईवाल, सत्यनारायण गौड सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे।

## पेड़ की छंगाई करते समय गिरा युवक, मौत

**सादुलपुर,** (निसं)। राजगढ़ कस्बे की रोही में खेत में पेड की छंगाई करते समय पैर फिसलकर पेड़ से गिरने से एक मजदूर की मौत हो गई। रविवार शाम सात बजे मिली जानकारी में थानां अधिकारी राजेश सिहाग ने बताया कि शहर के वार्ड 13 निवासी मालाराम पुत्र गोपाल राम भांमी (40) साल निवासी वार्ड 13 कस्बा राजगढ़ ने मामला दर्ज करवाकर बताया कि उसका चेचेरा भाई तुलसीराम शहर के विभिन्न क्षेत्र में मजदूरी का काम करता था। 25 अप्रैल 2026 को शाम करीब 6 बजे तुलसीराम प्रतापसिंह पुत्र सोहनराम के खेत मे खेजडी के पेड़ पर चढ़कर छंगाई (कटाई-छंटाई) का कार्य कर रहा था।। इसी दौरान अचानक पैर फिसलने से वह पेड से नीचे गिर गया। सूचना मिलने पर परिजन मौके पर पहुंचे और उसे संभाला, लेकिन तब तक उसकी मृत्यु हो चुकी थी। सूचना मिलने पर पुलिस ने घटना का मौका निरीक्षण किया तथा मृतक युवक का पोस्टमार्टम करवाकर शव उसके परिजनों को सौंप दिया और मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

# ट्रॉमा सेंटर का एसी खराब, पंखे मरम्मत के लिए उतारे मगर लगाए नहीं

**बीकानेर** (निसं)। मरुधरा में पारा 45 डिग्री के पास पहुंच गया है, लेकिन संभाग के सबसे बड़े पीबीएम अस्पताल का प्रबंधन गहरी नींद में है। अस्पताल का ट्रॉमा सेंटर इन दिनों किसी भट्ठी से कम नहीं है। हालात यह हैं कि जिस मरीज को मरहम की जरूरत है, उसे भीषण गर्मी का टॉर्चर झेलना पड़ रहा है। ट्रॉमा के इमरजेंसी, ग्रीन और येलो एरिया से पंखे तक गायब हैं, छत पर सिर्फ खाली पाइप लटक रहे हैं।

अस्पताल की सुरक्षा और प्रबंधन पर बड़ा सवाल यह है कि पिछले दो महीनों में ए-ब्लॉक ओटी, नर्सरी और ट्रॉमा सहित विभिन्न विभागों से करीब 50 एसी के कॉपर वायर चोरी हो गए। ईएमडी शाखा ने अधीक्षक को रिपोर्ट सौंप दी, लेकिन अब तक पुलिस में एफआईआर दर्ज नहीं कराई गई। हैरानी की बात यह है कि कैंपस में करीब 1500 एसी होने के बावजूद मेंटेनेंस के नाम पर ठेकेदार और श्रमिक नदारद हैं। पीबीएम में संवेदनहीनता का आलम यह है कि मेडिकल कॉलेज प्रिंसिपल, अधीक्षक और सभी एचओडी के कमरों में एसी फुल स्पीड पर चल रहे हैं। वहीं, दूसरी ओर ऑपरेशन थिएटर में डॉक्टरों के पसीने छूट रहे हैं। पोस्ट ऑपरेटिव वार्ड में एसी बंद हैं। ट्रॉमा का कूलिंग प्लांट 10 साल पुराना है। 2 साल से इसका एनुअल मेंटेनेंस कॉन्ट्रैक्ट (एएमसी) ही नहीं हुआ। पहले भामाशाह इसका खर्च उठा रहे थे, लेकिन पिछले साल जब से पीबीएम ने इसे संभाला, मेंटेनेंस अटक गई। कैजुअल्टी ब्लॉक के प्लांट को ठीक करने के लिए महज 2 लाख रुपए की जरूरत है, लेकिन प्रशासन इसके लिए भी किसी भामाशाह की राह देख रहा है। हल्दीराम मूलचंद हार्ट हॉस्पिटल की इमरजेंसी के भी एसी खराब पड़े हैं। फॉल्स सीलिंग तक उखड़ी हुई है। हृदय रोगियों को इस भीषण गर्मी में भारी परेशानी होती है। दरअसल हार्ट हॉस्पिटल में चीलिंग प्लांट लगा हुआ है, लेकिन उसकी सप्लाई इमरजेंसी में नहीं है। वहां लगे ज्यादातर एसी खराब हैं। हादसे में घायल रोहित के भाई हिमांशु टाक ने बताया कि सेंटर में इतनी गर्मी थी कि घाव पर पसीने की बूंद गिरते ही भाई तड़प उठता था। इमरजेंसी में एसी तो दूर, पंखे तक नहीं थे। डॉ. बीसी घीया, अधीक्षक, पीबीएम ने बताया कि 'गर्मी को देखते हुए ईएमडी को निर्देश दे दिए हैं। ठेकेदार को पाबंद किया जाएगा। ट्रॉमा कूलिंग प्लांट के लिए टेंडर प्रक्रिया जारी है।'

## विशेष नामचर्चा कार्यक्रम आयोजित

**तारानगर** (निसं)। डेरा सच्चा सौदा की स्थापना व जाम ए इंसा गुरु का दिवस माह के उपलक्ष में तारानगर के निकटवर्ती गांव झाड़सर काँधलान में प्रेमी सेवक मनीराम इंसा के निवास पर तारानगर ब्लॉक की विशेष नामचर्चा धूमधाम से आयोजित हुई।

उपस्थित श्रद्धालुओं ने सर्वप्रथम धन धन सतगुरु तेरा ही आसरे के पवित्र नारे के साथ अरदास विनती बोलकर नामचर्चा कार्यक्रम की शुरुआत की ततपश्चात कविराज भाइयों ने एक से बढ़कर एक शानदार भजनों की प्रस्तुति दी।

# गर्मी बढ़ते ही बिजली कंपनी और भाजपा में तनातनी शुरू

- सुभाषपुरा में पहुंची बीकेईएसएल कंपनी पर नाराज हुए भाजपा नेता हाडला, 8 घंटे नहीं थी बिजली

**बीकानेर,**(निसं)। शहर के अमरसिंहपुरा और सुभाषपुरा क्षेत्र में बिजली व्यवस्था सुधारने पहुंची बीकेईएसएल की टीम को शनिवार को विरोध का सामना करना पड़ा। स्थानीय लोगों की नाराजगी के बीच भाजपा नेता श्याम सिंह हाड़ला ने भी बिजली कंपनी की कार्यप्रणाली पर कड़ा असंतोष जताया। स्थिति ऐसी बनी कि कंपनी की टीम बिना काम किए वापस लौट गई।

भाजपा नेता श्याम सिंह हाड़ला का आरोप है कि पिछले कई दिनों से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति बदहाल है। एक दिन पहले ही सुभाषपुरा इलाके में करीब आठ घंटे तक बिजली कटौती रही, जिससे लोगों को भीषण गर्मी में भारी परेशानी उठानी पड़ी। उन्होंने कहा कि लगातार शिकायतों के कारण क्षेत्रवासी उन्हें फोन कर अपनी समस्या बता रहे हैं। हाडला स्वयं अभी ऑपरेशन के बाद स्वास्थ्य लाभ ले रहे हैं। शनिवार को वो बिजली कंपनी की टीम के पहुंचने पर नाराज हुए तब भी उनके एक हाथ में कैथेटर था। उनका कहना है कि इतना बीमार होने के बाद भी लोग उनके पास समस्या लेकर आते हैं तो फिल्ड में उतरना पड़ता है। बिजली कंपनी की कार्य शेली ठीक नहीं है।

वहीं, बीकेईएसएल का कहना है कि उसकी टीम क्षेत्र में बिजली आपूर्ति को बेहतर बनाने के लिए पहुंची थी। कंपनी के अनुसार, ढीले तार बदलने, कटी हुई सर्विस केबल की जगह नई केबल लगाने और टेम्पर्ड मीटर बदलने जैसे कार्य प्रस्तावित थे, ताकि गमिर्यों में उपभोक्ताओं को निर्बाध और गुणवत्तापूर्ण बिजली मिल सके।

कंपनी प्रवक्ता ने आरोप लगाया कि स्थानीय नेता ने लोगों को उकसाने का प्रयास किया, जिसके चलते टीम काम शुरू नहीं कर सकी। अब पुलिस और स्थानीय प्रशासन की मदद से लोगों को समझाने के बाद जनहित में नेटवर्क सुधार का कार्य दोबारा शुरू किया जाएगा। शहर के कई इलाकों में बढ़ते बिजली लोड और कम क्षमता वाले ट्रांसफार्मरों के कारण बिजली कटौती की समस्या गंभीर होती जा रही है।

# ध्रुव व प्रहलाद चरित्र का भावपूर्ण वर्णन, भक्तिमय माहौल में श्रद्धालु उमड़े

**राजलदेसर** (निसं)। माली सैनी समाज भवन में स्वर्गीय ईशरराम व सुखी देवी खडोलिया की पुण्य स्मृति में परिवारजनों द्वारा आयोजित सात दिवसीय श्रीमद्भागवत कथा के तीसरे दिन भक्तिरस की अविरल धारा बही। कथा वाचक दण्डी स्वामी शिवेन्द्राश्रम महाराज ने ध्रुव चरित्र, प्रहलाद चरित्र सहित भरत चरित्र का विस्तारपूर्वक एवं प्रेरणादायी वर्णन किया।

महाराज श्री ने कहा कि जो मनुष्य संतों का संग करता है, उसका जीवन स्वतः ही उच्च और पवित्र बन जाता है। उन्होंने समझाया कि संतों को सांसारिक आसक्ति से दूर रहकर समाज को सन्मार्ग दिखाना चाहिए। नरक के प्रसंग का उल्लेख करते हुए बताया कि मनुष्य के अपने पाप कर्म ही उसे दु:ख और अधोगति की ओर ले जाते हैं, इसलिए तुच्छ व अनैतिक कार्यों से बचना ही सच्चा पुण्य है।

कहा कि भगवान विष्णु के परम भक्त प्रह्लाद की अटूट श्रद्धा, भक्ति और सत्य के मार्ग पर अडिग रहने की प्रेरणादायक कथा सुनाकर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। उन्होंने बताया कि विपरीत परिस्थितियों में भी ईश्वर पर विश्वास बनाए रखना ही सच्ची भक्ति का परिचायक है। कथा के दौरान भजनों और संगीतमय प्रस्तुति ने माहौल को और अधिक भक्तिमय बना दिया, जिससे उपस्थित श्रद्धालु भाव-विभोर हो उठे।

इस अवसर पर यजमान सांवरमल खडोलिया सहपत्नीक, नंदलाल खडोलिया, बाबूलाल, शंकरलाल, बनवारीलाल खडोलिया, निर्मल सैनी (दिल्ली) पूर्व नगर पालिका उपाध्यक्ष ओमप्रकाश कटारिया, भाजपा नेता पवन सिंह राठौड, बाबूलाल दाधीच, शंकर लाल खडोलिया, इंदर चंद देवडा, कैलाश राजपुरोहित, विवेक सैनी, राकेश शर्मा, अनिल तोदी, पवन मारू, विजय कुमार खडोलिया, भगाराम प्रजापत, ब्रह्मदत्त आचार्य, बीड़दीचंद प्रजापत सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने आरती कर महाराज श्री का आशीर्वाद प्राप्त किया।

# नीमकाथाना में प्रतिभाओं का गौरवपूर्ण सम्मान

**पाटन** (निसं)। भारतीय प्रशासनिक सेवा एवं राजस्थान प्रशासनिक सेवा में चयनित प्रतिभाओं के सम्मान में वीर तेजा सेवा समिति के तत्वावधान में एक भव्य समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम नीमकाथाना इंडस्ट्रियल एरिया स्थित एक निजी होटल में आयोजित हुआ, जिसमें बडी संख्या में गणमान्य नागरिक, अभिभावक, युवा और विद्यार्थी शामिल हुए।

समारोह में झड़ाया धाम के संत सीताराम दास महाराज सहित कई प्रबुद्धजन मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। अतिथियों ने चयनित अभ्यर्थियों का माला, साफा और स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मान किया। पूरे कार्यक्रम के दौरान उत्साह, गर्व और प्रेरणा का माहौल बना रहा।वक्ताओं ने अपने संबोधन में कहा कि और जैसी प्रतिष्ठित सेवाओं में चयनित होकर इन बेटा-बेटियों ने न केवल अपने परिवार बल्कि पूरे नीमकाथाना क्षेत्र का नाम रोशन किया है।

उन्होंने इसे सामूहिक गर्व का विषय बताते हुए युवाओं को इन सफल अभ्यर्थियों से प्रेरणा लेने और अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने का संदेश दिया।इस अवसर पर चयनित अभ्यर्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता। निरंतर मेहनत, अनुशासन, सकारात्मक सोच और परिवार के सहयोग से ही लक्ष्य प्राप्त किया जा सकता है। उन्होंने प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी कर रहे युवाओं को समय प्रबंधन, सही दिशा में प्रयास और असफलताओं से सीख लेने की सलाह दी।समारोह में 2024 में 92वीं रैंक प्राप्त करने वाले दीपक गोदारा का विशेष सम्मान किया गया। इसके अलावा 2024 में चयनित अभ्यर्थियों-नेहा चौधरी (164वीं रैंक), प्रकाश चंद ओला (180वीं रैंक), सरिता महरिया (419वीं रैंक), सोनू सिंह तंवर (488वीं रैंक), विनोद कुमार जाखड (625वीं रैंक), विजय यादव (डिफेंस कैटेगरी 8वीं रैंक) तथा राजेंद्र कुमार चला (डिफेंस कैटेगरी 32वीं रैंक)-को भी सम्मानित किया गया।कार्यक्रम के अंत में आयोजन समिति ने सभी अतिथियों, प्रतिभाओं और उपस्थित जनसमूह का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन समाज में सकारात्मक वातावरण का निर्माण करते हैं और नई पीढ़ी को आगे बढ़ने की प्रेरणा देते हैं। समारोह के दौरान तालियों की गूंज के बीच प्रतिभाओं का उत्साहवर्धन किया गया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई।

## सीताराम प्रजापत श्रीगंगानगर कांग्रेस जिला ओबीसी प्रकोष्ठ के सह प्रभारी बने

**सादुलपुर,** (निसं)। राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी (ओबीसी प्रकोष्ठ) की तरफ से कांग्रेस सादुलपुर के शहर ब्लॉक अध्यक्ष व सिद्धमुख निवासी सीताराम प्रजापत को श्रीगंगानगर जिले का सह प्रभारी नियुक्त किया है। वहीं चेयरमैन हरसहाय यादव द्वारा की गई नियुक्ति को लेकर कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने हर्ष जताया।

## सार-समाचार

### माता-पिता की पुण्यस्मृति में राउमावि ढाणी मौजी में कक्षा कक्ष की नींव रखी



**सादुलपुर,** (निसं)। राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय ढाणी मौजी में रविवार 26 अप्रेल को मुख्यमंत्री जन सहभागिता योजनान्तर्गत भरत सिंह राहड सेवानिवृत प्रधानाचार्य ने अपनी माता चिडिया देवी व पिता गुगनराम राहड की पुण्य स्मृति में विद्यालय में एक कमरा मय बरामदा (27 गुणा 27) राशि लागत 7 लाख की नींव (शिल्लान्यास) प्रधानाचार्य सुनिला भाम्बू, सरपंच प्रतिनिधि सिंगराम गोस्वामी, भरत सिंह राहड सेवानिवृत प्रधानाचार्य ने रखी। इस अवसर पर प्रताप सिंह पूनियां, सीताराम जांगिड, गोपीचन्द प्रजापत वरिष्ठ अध्यापक, प्रताप सिंह रैबारी अध्यापक, उम्मेद सिंह भामू, वीरभान राहड, ओमप्रकाश खरबास, सचिन राहड, महावीर सरावग, महेन्द्र सरावग, भानीराम ख्यालिया, रामकुमार सिवाच, पवन खरबास आदि सहित अन्य ग्रामीणजन उपस्थित रहे।

### बाबा श्याम की मूर्ति की प्राण प्रतिष्ठा हुई

**रतनगढ़** (निसं)। शहर के भानीधोरा हनुमान मंदिर में खाटूवाले बाबा श्याम की मूर्ति की स्थापना एवं प्राण प्रतिष्ठा रविवार को वैदिक मंत्रोच्चार के साथ हुई। मंदिर पुजारी चेतन मंगलहारा के आचार्यत्व में पंडित मनोज कुमार ने पूजा-अर्चना करवाई। मुख्य यजमान पूजा-मनीष, प्रिया-मुकेश एवं अदिति-योगेश सैनी दंपति ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ पूजा-अर्चना कर यज्ञ में आहुतियां दी। समाजसेवी कैलाश सैनी के आर्थिक सौजन्य से मंदिर में बाबा की स्थापित प्रतिमा प्राण प्रतिष्ठा के पश्चात सामूहिक आरती का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान भजन संध्या भी हुई, जिसमें गायक कलाकार मुमताज मिरासी ने अपने भजनों की प्रस्तुतियां दी।

### शिविर में 74 यूनिट रक्त संग्रहित

**राजलदेसर** (निसं)। राजलदेसर में स्वर्गीय पांचीलाल टोकसिया की पुण्य स्मृति में रविवार को सैन भवन में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का शुभारंभ चूरू के डॉ. घनश्याम सैनी, बच्छराज, लालचंद मारू, भागीराम टोकसिया, मानाराम, सीताराम मारू, भजनलाल मारू, अभिषेक सोनी, राकेश दाधीच, करुण पारीक, एवं एडवोकेट रोहित मारू के कर-कमलों से किया गया। शिविर सुबह 10 बजे से शाम 4 बजे तक चला, जिसमें 96 लोगों ने पंजीकरण करवाया और 74 यूनिट रक्त भरतीया हॉस्पिटल, चूरू की ब्लड बैंक द्वारा संग्रहित किया गया।

# सिद्धमुख सीएचसी पर स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित दो चिकित्सक लगाए

- आमजन को चिकित्सा सुविधा समय पर मिल सके

**सादुलपुर,** (निसं)। चिकित्सा विभाग के बीकानेर जोन संयुक्त निदेशक ने आदेश जारी कर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र, सिद्धमुख पर स्त्री रोग विशेषज्ञ सहित दो चिकित्सा अधिकारी पदस्थापित किए हैं। सीएमएचओ डॉ मनोज शर्मा ने बताया कि ग्रामीणों की मांग पर व आमजन को चिकित्सा सुविधा समय पर मिल सके, इसी क्रम में संयुक्त निदेशक डॉ देवेन्द्र चौधरी ने स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ योगेश को सीएचसी गोलुवाला, हनुमानगढ से तथा सीएचसी सांखू से चिकित्सा अधिकारी डॉ मोनिका चौधरी को सीएचसी सिद्धमुख लगाया है। उन्होंने बताया कि इससे सीएचसी स्तर पर ही गर्भवती महिलाओं को उपचार सुविधा मिल सकेगी।

## शहर से लेकर हर गांव-कस्बे तक सुरक्षा के लिए तैनात होंगी महिला कांस्टेबल

**बीकानेर,**(निसं)। महिलाओं और बालिकाओं पर बढ़ते अपराधों को रोकने और उन्हें तत्काल सहायता के लिए अब शहर से लेकर हर गांव-कस्बे तक महिला बीट कांस्टेबल तैनात की जाएंगी जो खास तौर पर 'हॉट स्पॉट' पर नजर रखेंगी। इसके लिए प्रदेश में महिला बीट अधिकारी योजना शुरू की गई है।

राजस्थान में महिलाओं और बालिकाओं के विरुद्ध बढ़ते अपराधों पर लगाम लगाने के लिए पुलिस मुख्यालय ने एक बड़ा प्रशासनिक निणन्य लिया है। प्रदेश के सभी जिलों में महिला बीट अधिकारी (एमबीओ) योजना शुरू की है। शहर से लेकर गांव-कस्बों तक क्षेत्र का निर्धारण कर महिला कांस्टेबल की तैनात की जाएंगी।

ये एमबीओ अपने-अपने क्षेत्र में महिलाओं, बालिकाओं सहित आमजन के संपर्क में रहकर अपने सोर्स बनाएंगी और किसी भी तरह की आपराधिक वारदात होने पर थाना पुलिस की मदद करेंगी। खास तौर पर 'हॉट स्पॉट' जैसे गर्ल्स कॉलेज-स्कूल, गर्ल्स हॉस्टल, राजीविका, आंगनबाड़ी केन्द्र, महिला प्रशिक्षण संस्थान, आशा सहयोगिनी, रेलवे स्टेशन ऐसे सरकारी व निजी कार्यालय जहां महिलाओं की संख्या ज्यादा हों, महिलाओं की खरीदारी वाले बाजार व प्रमुख चौराहों पर निगरानी रखेंगी। इन स्थानों पर अपने संपर्क सूत्र के जरिये किसी भी तरह का अपराध या घटना होने पर बदमाशों को पकड़ने और पीड़ित को सहायता दिलाने में मदद करेगी। एमबीओ का चयन कालिका पेट्रोलिंग या पुलिस थानों में तैनात महिला स्टॉफ से नहीं किया जाएगा। एसपी, एएसपी, सीओ ऑफिस, पुलिस लाइन में तैनात महिला कांस्टेबल को एमबीओ बनाया जाएगा। प्रत्येक एमबीओ के साथ ही एक लिंक एमबीओ की भी नियुक्ति होगी जो अवकाश, अनुपस्थिति और ट्रांसफर की स्थिति में एमबीओ का काम करेगी।

# ध्यान नाथ महाराज ने पोस्टर का विमोचन

**चूरू** (निसं)। स्थानीय भास्कर भवन में सर्राफ फाउंडेशन द्वारा संचालित गीता क्लासेज में रविवार को भानी नाथ आश्रम, चूरू के संत ध्यान नाथ महाराज का भव्य स्वागत किया गया। इस दौरान आगामी 27 अप्रैल को गौ सम्मान आव्हान अभियान के तहत होने वाले विशाल जुलूस को लेकर बैठक आयोजित की गई।

इस दौरान गीता क्लासेज की पूरी टीम ने इस अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ध्यान नाथ महाराज ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया। कार्यक्रम में संत ध्यान नाथ महाराज ने गीता क्लासेज के बच्चों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया।

नियमित अध्ययन सत्र के अंतर्गत आचार्य जनार्दन ने बच्चों को पंचामृत व पांच श्लोकों का अध्ययन करवाया। माधुरी शर्मा ने बच्चों को जीवन से जुड़े 11 महत्वपूर्ण नियमों की जानकारी दी, जिसमें ध्यान एकाग्र करने का नियम भी शामिल है। ध्यान में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली अनुष्का क्याल को प्रथम पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया।



गीता क्लासेज की पूरी टीम ने अभियान में सक्रिय भागीदारी निभाने का संकल्प लिया। इस अवसर पर ध्यान नाथ महाराज ने कार्यक्रम के पोस्टर का विमोचन भी किया।

इस अवसर पर निरंजन देव आचार्य व हर्षित सोनी ने गजल गीत की प्रस्तुति दी तथा बच्चों को सामूहिक हनुमान चालीसा का पाठ करवाया।

इस अवसर पर सुरेश सैनी, शंकर लाल, दिव्या शर्मा, पूनम शर्मा, खुशी सैनी, पूजा खंडेलवाल सहित गीता क्लासेज के स्टाफ सदस्य उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन दिव्या भाटी ने किया।